हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 16 जुलाई 2025

06 स्कूली बच्चों ने हाथों में तख्ती लिए नशा नाश की जड़ है...

07 सामूहिक अवकाश लेकर मुख्यालय...




## खबर संक्षेप

### 12 से 15 दिवस में समन्वित खरपतवार नियंत्रण आवश्यक

**सीहोर।** जिलों में खरीफ फसल सोयाबीन, धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तिल आदि फसलों की बुवाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। फसलों की बुवाई के 12-15 दिन बाद खरपतवारों का नियंत्रण होना आवश्यक है। खरपतवार नियंत्रण के लिए कुक्क समन्वित खरपतवार नियंत्रण पद्धति, फसल पद्धति, यात्रिक विधि (कुल्पा व डोरा) व रसायनिक विधि का उपयोग करें। खरीफ फसलों के प्रमुख खरपतवार सकरी पत्ती के खरपतवार दूम, मोथा, सांवा व चौड़ी पत्ती के खरपतवार बोधना, दिवालिया, कनकौआ आदि हैं। खरपतवारनाशकों का छिड़काव करें। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि खरीफ फसलों के लिये प्रमुख खरपतवारनाशक सोयाबीन बुबाई के तुरंत बाद (0-3 दिन) खरपतवारनाशकों डक्लोसुलम 84 WDG,26-30ग्राम चौड़ी पत्ति के लिए, सेल्फेन्ट्राकोन 39.6 SC 750 मिली दोनो प्रकार के लिए,इनके अतिरिक्त और भी अन्य महत्पूर्ण खरपतवारनाशक दवा है उनका भी प्रयोग कर सकते हैं।

### 30 तक पूरे प्रदेशभर में चलेगा विशेष अभियान

**सीहोर।** नशामुक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस ने एक वृहद जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी – है जरूरी की शुरुआत की है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई 2025 तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन में यह अभियान पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स विंग द्वारा चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है।

### सरल संयोजन पोर्टल से करें ऑनलाइन आवेदन


**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विगत जुलाई 2023 से शुरू किये गये ऑनलाइन सरल संयोजन पोर्टल योजना।

### कॉलोनी के लिए भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ली गई थीं अनुमतियां

# फर्जी अनुमतियां लेकर बनाई तुलसी आंगन कॉलोनी में बिजली भी अवैध!

### एमपीईबी ने निरस्त किया आवेदन, फिर भी कॉलोनी में जल रही लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



हरिभूमि पड़ताल

जिले के इछावर में निर्माणाधीन तुलसी आंगन कॉलोनी लगातार विवादों में है। पहले इस कॉलोनी के निर्माण के लिए शहरी क्षेत्र की जमीन पर ग्राम पंचायत से अनुमतियां ले ली गइं। इसके बाद इसका निर्माण भी शुरू कर दिया गया, लेकिन जब मामले की पोल खुली तो आनन-फानन में सभी अनुमतियों को निरस्त किया गया। अब इस कॉलोनी में बिजली भी अवैध तरीके से जलाई जा रही है। दरअसल तुलसी आंगन कॉलोनी में बिजली कनेक्शन के लिए कॉलोनाइजर द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया था। इसके बाद जब बिजली कंपनी ने कॉलोनाइजर के दस्तावेजों की जांच की तो यह फर्जी पाए गए। इसके बाद बिजली विभाग द्वारा इलेक्ट्रीफिकेशन के आवेदन को निरस्त कर दिया गया है। इसके बाद भी कॉलोनी में बिजली जलाई जा रही है और कंपनी को चूना लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इछावर के नगरीय क्षेत्र में कॉलोनाइजर द्वारा तुलसी आंगन कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। यह कॉलोनी यूं तो नगरीय क्षेत्र में है, लेकिन इसके निर्माण के लिए ग्राम पंचायत पालखेड़ी से इसकी फर्जी अनुमतियां लेकर राजस्व विभाग को करोड़ों की चपत लगाई गई। फर्जी अनुमतियों के आधार पर इसका निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया। कॉलोनाइजर द्वारा खबरा नंबर 568/573/1, 545, 546, 548, 549, 550, 547, 562/1, 562/2, 563/1, 563/2, 564/1, 564/2, 565/1, 566/1, 565/2, 566/2, 567/1, 567/2, 569/1, 569/2, 570/1, 570/2/1 नंबर की जमीन कॉलोनी के लिए ली गई। यह कुल रकबा 11.0310 हेक्टेयर का है और इसमें से 3.238 हेक्टेयर में कॉलोनी विकास की अनुमति मांगी गई थी। जब मामला सामने आया तो आनन-फानन में पालखेड़ी पंचायत के सचिव भूपेंद्र द्वारा अनुमतियां निरस्त करने के लिए एसडीएम इछावर को पत्र लिखा गया। इस कॉलोनी के निर्माण को लेकर कलेक्टर द्वारा भी आदेश जारी करके रोक लगाई गई है।

**अब अवैध बिजली से चमक रही कॉलोनी :** तुलसी आंगन कॉलोनी में अब कॉलोनाइजर द्वारा अवैध तरीके से बिजली जलाई जा रही है। यह कॉलोनी अवैध बिजली से चमचमा रही है। कॉलोनी में बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था, लेकिन जब विभाग ने दस्तावेजों की जांच की तो सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए और बिजली विभाग ने ऑनलाइन आवेदन को निरस्त करते हुए बिजली कनेक्शन देने से ही मना कर दिया है।

#### जांच करके कार्रवाई करेंगे

तुलसी आंगन कॉलोनी के लिए फाइल आई थी, लेकिन वह रिजेक्ट हो गई है। यदि कॉलोनी में बिजली की सप्लाई है तो उसकी जांच करके कार्रवाई करेंगे।

**संतलाल उईके**, एमपीईबी, इछावर

## उप सरपंच ने पंचायत में कार्यों और राशि की जानकारी मांगी तो सरपंच ने दी गोली मारने की धमकी

### उप सरपंच ने कलेक्टर से शिकायत कर जांच की उठाई मांग



**सीहोर।** सीहोर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुलखेड़ी इन दिनों खूब चर्चा में है। पंचायत के सरपंच अजय ठाकुर और उप सरपंच नरेंद्र अहिरवार के बीच बातचीत का ऑडियो बीते दिनों वायरल हुआ था जिसमें सरपंच अजय ठाकुर जो वर्तमान में श्यामपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष भी हैं, उप सरपंच को गोली मारने की धमकी दे रहे हैं और अभद्र भाषा में बात कर रहे थे।

इस पूरे मामले को लेकर अब पंचायत के उपसरपंच और पंचों ने कलेक्टर से शिकायत की है। शिकायत में सरपंच पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उपसरपंच नरेंद्र अहिरवार ने आरोप लगाए हैं कि जब उन्होंने फोन पर ग्राम पंचायत के कार्य और खाते की राशि की जानकारी सरपंच अजय ठाकुर से जानना चाहिए तो उन्होंने अभद्र भाषा में बात की और उनको गोली मारने की धमकी दी।

उनके आरोपों की पंचायत में शासकीय योजनाओं के नाम पर सरपंच ने भ्रष्टाचार किया है राशि आहरण की गई रोड नाली नहीं बनाए गए। जाँच की मांग की है, उपसरपंच और पंचों ने कहा है कि इस पूरे मामले में जांच की जाना चाहिए यदि जांच नहीं होगी तो वह धरने पर बैठेंगे।

## शासकीय माध्यमिक स्कूल में निरीक्षण करने पहुंचे विधायक सुदेश राय



**सीहोर।** अचानक विधायक सुदेश राय मंगलवार को निपानिया कलॉ शासकीय माध्यमिक स्कूल पहुंच गए। विधायक के इस तरह स्कूल पहुंचने पर कार्ररत शिक्षक शिक्षिकाओं में कुछ देर के लिए घवराहट फेल गई। विधायक सीधे क्लास रूम में पहुंचे और शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों का आईक्यू टेस्ट किया,उन्होने बच्चों से जिले के डीएम से लेकर प्रधानमंत्री गृहमंत्री रक्षामंत्री मुख्यमंत्री के भी नाम पूछे और सरकार के द्वारा सरकारी स्कूल के छात्र छात्राओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। विधानसभा के ग्रामीण अंचल में स्थित निपानिया कलॉ शासकीय माध्यमिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने विधायक सुदेश राय के हर सवाल का सटीक उत्तर दिया।

विधायक सुदेश राय ने संपूर्ण स्कूल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर स्कूल की प्राधानाध्यपिका वर्षा नायक की कार्यशैली और शिक्षण कार्य की प्रशंसा कर बच्चों के सामान्य ज्ञान की भी सराहना व्यक्त की। शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राओं ने विधायक सुदेश राय का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राओं के साथ विधायक सुदेश राय ने स्कूल परिसर में एक पौधा मां के नाम लगाया।

## मत्स्य विभाग की टीम को देख भागे विक्रेता

### मछली बाजार से लावारिस मछली जब्त



**सीहोर।** वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इस दौरान मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व परिवहन प्रतिबंधित है। कलेक्टर बालागुरू के द्वारा जिले में बन्द ऋतुकाल का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सोमवार को सहायक संचालक मत्स्योद्योग प्रशांत हर्ष के मार्ग दर्शन में गठित संयुक्त दल द्वारा मछली बाजार सीहोर में छापा मारकर 45 किग्रा मछली लावारिस अवस्था में जब्त कर नीलाम की गई। दल प्रभारी रीतेश कुमार चौधरी, मत्स्य निरीक्षक, विजेता गजाम, मत्स्य निरीक्षक, बीएमसिंह सिसोदिया, केसर सिंह भिलाला एवं नफीस अली की उपस्थिति में कार्यवाही की गई। जब मछली बाजार में टीम ने छापामार कार्रवाई की तो टीम को देखकर मछली विक्रेता भाग गए। उल्लेखनीय है कि जिलेभर में मत्स्य विभाग की टीम लगामार छापामार कार्रवाई कर अवैध रुप से मछली परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

## लव जिहाद पर पूर्व सीएम उमा भारती ने कहा-बच्चों को संस्कार दें, अकेले कानून से कुछ नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



बीजेपी की फायरब्रांड नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमाभारती ने श्रावण मास के पहले सोमवार को देर शाम ऐतिहासिक गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने लव जिहाद से संबंधित कानूनों पर मीडिया से चर्चा करअपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि केवल कानूनी उपायों से समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता। उनका मानना है कि माता-पिता को अपने बच्चों को उचित संस्कार देना आवश्यक है।

उमा भारती ने कहा, 'हमारे समाज में माता-पिता की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि क्या सही है और क्या गलत। अकेले कानूनों के सहारे हम इस समस्या को हल नहीं कर सकते।'उन्होंने यह भी कहा कि कानून को सख्ती से लागू करने के लिए जरूरी है कि कोई लडक़ी सावधानीपूर्वक इस विषय पर प्रमाण प्रस्तुत करे। उनके अनुसार, अगर किसी मामले में धोखाधड़ी हुई है, तो संबंधित व्यक्ति को इसे साबित करने का सामर्थ्य होना चाहिए। उमा भारती का यह बयान लव जिहाद पर चल रही बहस में नए आयाम जोड़ता है और यह दर्शाता है कि समाज में सुधार लाने के लिए केवल कानूनी कदम उठाने की बजाय पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी महत्वपूर्ण मानना चाहिए।

### छोटा सा कार्यकर्ता भी बीजेपी में राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, वह इस दौड़ में नहीं

मीडिया से बातचीत करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी में कोई भी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन वह इस दौड़ में नहीं है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कहा कि छोटा सा कार्यकर्ता भी बीजेपी में अध्यक्ष बन सकता है। मगर में राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में शामिल नहीं हूं।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से खुद को दूर रखने की बात कही। साथ ही करणी सेना वाले मामले में बोलीं- करणी देवी शांति की देवी थीं। वह सभी को आशीर्वाद देने वाली थीं। संघ प्रमुख मोहन भागवत के द्वारा राजनीति में 75 वर्ष की आयु में सन्यास की बात पर कोई विशेष टिप्पणी करने से इनकार किया। उन्होंने कहा, 'हम संघ प्रमुख की किसी भी टिप्पणी पर कोई कमेंट नहीं करते।'

**जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 29 जुलाई तक :** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में जेएनवीएसटी 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश के लिए पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। इच्छुक और पात्र विद्यार्थी बेवसाईटपर आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए विद्यार्थी की जन्म तारीख 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए तथा किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय से तीसरी एवं चौथी कक्षा उत्तीर्ण की हो एवं वर्तमान सत्र में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत होना चाहिए। इसके साथ ही विद्यार्थी का आधार कार्ड तथा सीहोर जिले का निवासी होना चाहिए।

### आज किया जाएगा जिला स्तरीय प्रदर्शन

**सीहोर।** सहकारिता आंदोलन की मजबूती और कर्मचारियों की विभिन्न वर्षों से लंबित मांगों को लेकर आगामी 23 जुलाई को सहकारिता महासंघ द्वारा मंत्रालय घेराव का कार्यक्रम निश्चित किया गया है। उक्त कार्यक्रम की प्रस्तावना स्वरूप 16 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 बजे समस्त सहकारी कर्मचारी साथियों को सीहोर कलेक्ट्रेट कार्यालय पर एकत्र होकर जिला स्तर पर ज्ञापन प्रदर्शन आयोजित करना है।यह केवल एक ज्ञापन कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी एकता, संघर्षशीलता एवं अखंडता का प्रतीक होगा। यह आवश्यक है कि हम शासन-प्रशासन को अपनी संख्या और शक्ति का परिचय कराएं, जिससे हमारी वर्षों पुरानी मांगों की ओर उनकी गंभीरता बढ़े। अतः आदेशित किया जाता है कि जिले के समस्त कर्मचारी साथी बुधवार को समय पर उपस्थित रहें और अपने संगठन की मजबूती का परिचय दें। सभी सदस्य अपनी सहभागिता की पुष्टि अवश्य करें।

### समूचे अंचल में जोरों पर नशे के कारोबार से ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल

# नशेबाजों से परेशान ग्रामीणों ने खटखटाया थाने का दरवाजा, युवा पीढ़ी बन रही लत का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



सीहोर जिले के इटावा और इटारसी के ग्रामीणों ने नशा के बढ़ते प्रभाव और अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ एकजुट होकर गोपालपुर थाने का दरवाजा खटखटाया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बढ़ते नशे के कारण कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं और युवाओं का भविष्य संकट में है। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए। उनका मानना है कि नशे का यह कारोबार गांव में भय का माहौल बना रहा है, जिससे समाज में अव्यवस्था फैल रही है।

गांव के प्रमुख सदस्यों का कहना है, 'नशा नाश की जड़ है। इससे न केवल युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है, बल्कि परिवारों में तनाव और संघर्ष भी बढ़ रहा है। हम चाहते हैं कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से ले और अवैध शराब की बिक्री पर शीघ्र रोक लगाए।'

ग्रामीण सुरेश चंद सेठी, मंगल सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुकेश, गंगा सिंह, बलराम,रामावतार पैठारी, कमल सिंह, विष्णु पैठारी ने गोपालपुर थाने पहुंचकर बताया कि इटावा एवं इटारसी में अत्याधिक अवैध शराब की बिक्री असामाजिक तत्वों द्वारा की जा रही है, जिसके कारण उक्त दोनो गांवों में अवैध शराब सेवन करने वालो की संख्या अत्याधिक हो गई हैं। शराब के कारण कई परिवारों में प्रतिदिन कलेह का माहौल रहता है। गांव में भी अत्याधिक भय बना है। गांव की महिलाओं तथा पढने वाले विद्यार्थियो को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा हैं।

**बढ़ रहा ग्रामीणों का आक्रोश :** श्रावण मास शुरू हो चुका है उसके बावजूद भी गांव में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव का माहौल बिगड़े और कोई बड़ी घटना घटित हो उसके पहले इस पर सख्ती से रोक लगाई जाए। उक्त मामले में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, और उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वे मामले की गंभीरता को समझते हैं और इस दिशा में उचित कदम उठाएंगे।

#### पांचौर की महिलाओं ने खोला था मोर्चा

पिछले दिनों पांचौर ग्राम की महिलाओं के द्वारा भी नशे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गांव में हो रही शराब अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी। महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई थी कि शराब के कारण गांव की युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है इसलिए गांव में होने वाली बिक्री पर रोक लगाई जाए। महिलाओं के द्वारा गांव में अवैध शराब का विक्रय करने वाले लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत भी की थी।

## जिले में अब तक 429.4 मिलीमीटर औसत बारिश



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 6.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 16, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 20, जावर में 7, इछावर में 7, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 15 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 429.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 264.2 मिलीमीटर थी।

जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 15 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 404.9, मिलीमीटर, श्यामपुर में 360.3, आष्टा में 262, जावर में 281, इछावर में 379.3, भैरूंदा में 481, बुधनी में 625.7 तथा रेहटी में 622 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 67 आवेदनों पर सुनी नागरिकों की समस्याएं



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 67 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### महर्षि वेदव्यास का अवदान विषय पर शोध संगोष्ठी का आयोजन

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सीहोर में भारतीय ज्ञान परंपरा में महर्षि वेद व्यास का अवदान विषय पर छात्र समग्र विकास के विशेष संदर्भ में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आमंत्रित अतिथियों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में महर्षि वेदव्यास के योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में तीन तकनीकी सत्र हुए। उद्घाटन सत्र प्रातः 10 बजे सरस्वती पूजन एवं महर्षि वेद व्यास पूजन से आरंभ हुआ। संगोष्ठी में कुल 60 शोधार्थियों ने पंजीयन करवाया। संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में विधि (लॉ) के प्राध्यापक डॉ. विश्वास चौहान, सदस्य विश्वविद्यालय विनियक आयोग ने महर्षि वेदव्यास और वशिष्ट का संबंध सीहोर का प्राचीन सिद्धपुर का संबंध पुराने के प्रमाण के साथ बताया और इसी कड़ी में भोपाल से आए डॉ. अभिलाष ठाकुर जी ने महर्षि वेद व्यास एवं भागवत गीता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने संगोष्ठी के बीच वक्तव्य दिया संगोष्ठी समापन सत्र में महाविद्यालय में स्थानांतरण एवं नई नियुक्ति से आए स्टाफ का स्वागत अभिनन्दन किया गया एवं महाविद्यालय से स्थानांतरित प्रोफेसर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर विदाई दी गई।

### 692 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 15 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 456 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 236 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 71 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक

**सीहोर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर किसानों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

## भैरूंदा थाना पुलिस ने नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान अंतर्गत रैली का किया आयोजन

# स्कूली बच्चों ने हाथों में तख्ती लिए नशा नाश की जड़ है, नशे से दूरी है जरूरी का दिया संदेश

सीहोर पुलिस द्वारा अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी, इस अभियान के तहत भैरंदा पुलिस ने सांदीपनी स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच नशों से दूरी है ज़रूरी इस अभियान का शुभारंभ कर कार्यक्रम का आयोजन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई आयोजित 15दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावल निर्देशन में एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन मे भैरुंदा थाना स्टॉफ द्वारा सांदीपनी स्कूल भेरूदा में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी स्कूली बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी व व्यापक जन संवाद किया गया एवं नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का प्रचार प्रसार किया गया।

सभी स्कूली बच्चों, शिक्षकगणों, पत्रकारगण को नशा न करने से प्रोत्साहित करने हेतु शपथ दिलवाई गई, सेल्फी प्वाइंट का उपयोग किया गया, पमप्लेट व पोस्टर का वितरण किया गया, लाउडस्पीकर की मदद से कस्बा क्षेत्र में जगह-जगह नशा मुक्ति जन जागरूकता हेतु प्राप्त ऑडियो रिकॉर्डिंग का प्रचार प्रसार किया गया। बालक बालिकाओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया जिनके द्वारा बस स्टैंड व अभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर स्लोगन का उपयोग करते हुए आम जन को नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में एसडीम मदन सिंह रघुवंशी, एसडीओपी रोशन जैन, थाना प्रभारी थाना स्टॉफ, बीईओ ललित कीर, सीएमओ आरपी सिंह भावरे भैरूंदा, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक व 800 छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

### नशा नाश की जड़ इससे दूरी सभी के लिए है जरूरीः एसडीओपी

सीहोर पुलिस द्वारा अभियान नशों से दूरी है ज़रूरी ,इस अभियान के तहत भैरंदा पुलिस ने सांदीपनी स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच नशों से दूरी है ज़रूरी इस अभियान का शुभारंभ कर कार्यक्रम का आयोजन किया। नगर में रैली निकालकर नगरवासियों को नशे से होने वाले दुष्परिमाण का संदेश दिया। इससे पहले एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बच्चों के बीच एक स्टोरी शेयर करते हुए कहा रॉकी भाई स्टाइल से एक तरफ सिगरेट पी रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ टीवी के स्क्रीन पर विज्ञापन में देखा रहे, सिगरेट पीना सेहत के लिए हानिकारक है। रॉकी भाई जो कि स्टाइल में सिगरेट पी रहे हैं। उसी को देखना पसंद करेंगे। न कि उस विज्ञापन को देखना चाहेगें। स्टाइल ही नशें की जड़ है। आज के समय में स्टाइल ही नशा की करने की आदत बन रहीं है। नशा नाश की जड़ है. सभ्य, शिक्षित और उन्नतशील समाज में इसका कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने कहा कि नशे की शुरुआत कम उम्र में ही होती है, पहले कॉलेज से शुरू होती थी वर्तमान में स्कूल से प्रारंभ होकर 9 से 12वीं के बच्चों में आमतौर से यह लत मिलना आसान है। जागरूकता के अभाव में बच्चे इसके शिकार हो जाते हैं। सभी बच्चों को नशा क्या है और नशा के प्रभाव का व्यक्ति के शरीर और जीवन पर क्या पड़ता है की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि किशोर उम्र में बच्चे अपना अच्छा बुरा प्रायः नही समझ पाते. आस पास के माहौल, गलत संगत और ललक में बच्चे नशा का सेवन करते है, फिर इसके आदी बन जाते है. कहा कि सभी को नशा और नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने के लिए सजग और दृढ़ प्रतिज्ञ होना होगा। नशा,तंबाकू का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह एक सामाजिक बुराई भी है। नशें से दुष्प्रभावों के प्रति जन-जन को जागरूक करें और एक स्वस्थ, सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लें।

एसडीम मदन सिंह रघुवंशी ने कहा कि तम्बाकू और नशीले पदार्थों का सेवन करने से, हृदय रोग, फेफड़ों की समस्याएं, कैंसर और मानसिक बीमारियां बनती है। यह न केवल शारीरिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को कमजोर बना देता है। नशा परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। परिवारों में कलह, आर्थिक समस्याएं, और रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती है। घनश्याम सिंह दांगी थाना प्रभारी ने उपस्थिति अधिकारियों व शिक्षकों और सभी बच्चों को स्वयं के समक्ष शपथ दिलवाई।

## जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण के साथ विशेष पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पंच-ज योजना के तहत 15 जुलाई से 15 सितंबर 2025 तक प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण विशेष अभियान विधिक सेवा, प्रकृति की रक्षा चलाया जा रहा है। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने जिला न्यायालय परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण कर जिले में अभियान के शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी ने पौधों का संरक्षण करने की शपथ भी ली।




इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश आर्य ने कहा कि मानव ने अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति के संसाधनों का दुरुपयोग और दोहन किया है। पेड़ों के कटने से पृथ्वी के वातावरण में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है, जिससे हम प्रतिदिन नई-नई स्वास्थ्य समस्याएं और बीमारियों का सामना कर रहे है। यदि समय रहते हमने अपनी पृथ्वी के प्रदूषित होते वातावरण और पर्यावरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाएं तो आगे चलकर भविष्य में हमें इसके और अधिक घातक परिणाम देखने को मिल सकते है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधरोपण और उनका संरक्षण अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत जिला एवं तहसीलों पर जल की उचित व्यवस्था एवं संरक्षित स्थानों पर जलवायु के अनुकूल पौधे जैसे पीपल, नीम, वट वृक्ष, इमली, बेल, कविट, आंवला, कटहल और आम आदि लगाए जाएंगे और उन्हें संरक्षित भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी रोपित पौधों को उच्च न्यायालय के निसर्ग एप पर अपलोड किया जाएगा और एक वर्ष तक प्रत्येक तीन माह में उनकी प्रगति भी एप पर अपलोड की जाएगी।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश संजय गोयल, जिला न्यायाधीश स्मृतासिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, अन्य न्यायाधीशगण, वन मंडलाधिकारी अर्चना पटेल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, न्यायालय अधीक्षक श्रीमती सपना शर्मा, एनजीओ के प्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता, अन्य अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, अन्य कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स ने भी पौधरोपण किया।

## शिव भक्त सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम की 11 किलोमीटर की यात्रा करेंगे



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के सीवन नदी के तट से हर रोज हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री पूरी आस्था और उत्साह के साथ नंगे पैर कंधे पर कांवड लेकर प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर पहुंच रहे हैं। करीब 11 किलोमीटर की लंबी यात्रा पर अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं को निशुल्क पेयजल, नाश्ते, केले और फलहारी मिक्चर आदि का वितरण किया जा रहा है। शहर के इंदौर नाका, डी मार्ट के पास, श्रीराधेश्याम कालोनी और सोया चौपाल पर श्रद्धालुओं के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई है। विठलेश सेवा समिति के समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा आदि सेवा कार्य में लगे हुए हैं। जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पूरे सावन के माह में श्रद्धालुओं के द्वारा शहर के सीवन घाट से कुबेरेश्वरधाम तक अल सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालु मार्ग से गुजर रहे हैं। कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति अटूट समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। कांवड़ को कंधे पर रखकर चलना, भक्तों के लिए एक तरह की तपस्या है। इस दौरान भक्त शारीरिक कष्ट सहते हैं, लेकिन उनके मन में भगवान शिव के प्रति आस्था जरा सी भी कम नहीं होती है। इससे ये भी पता चलता है कि साधक शिव जी के लिए किसी भी कठिनाई का सामना करने के लिए तैयार हैं। कांवड लेकर गुजरात से आए एक परिवार ने बताया कि वह पहली बार कांवड़ यात्रा कर रहे हैं। अपने दोनों बेटे और बेटियों के साथ करीब 11 किलोमीटर आस्था के साथ उन्होंने यात्रा की।

## नशे के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान का हुआ शुभारंभ





**बुधनी।** नशा मुक्त प्रदेश के सपने को साकार करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को सांदीपनि विद्यालय से पुलिस विभाग ने इस अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स और छात्रों के साथ पुलिस ने एक रैली निकाली जो सांदीपनि विद्यालय पहुंची जहां उपनिरीक्षक संदीप जाट एवं राजेश मालवीय ने प्राचार्य सुधा सालोमन और अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी में उपस्थित जनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई अभियान 30 जुलाई तक चलेगा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत युवा मोर्चा नगर मंडल ने किया पौधरोपण



**सीहोर।** भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तकीपुर स्थित विद्यालय में फलदार पौधे लगाकर इन्हें एक वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय, मदन प्रजापति, नगर महामंत्री समीर सेन, नगर प्रवक्ता विशाल पाटीदार, नगर मंत्री तुषार सोनी, लैविश राजपूत, राज ठाकुर, प्रदीप मेवाड़ा, विद्यालय परिवार एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 18 को सीहोर से महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा का श्रीगणेश : आशीष गेहलोत



**सीहोर।** शहर से लगातार तीसरी बार क्षेत्र में अच्छी बारिश, गाय, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की मंगल कामना क्षेत्र की खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा आगामी 18 जुलाई से महाकाल उज्जैन प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से सुबह नौ बजे आरंभ होगी जो शुगर फैक्ट्री माता मंदिर, त्यागी बाबा आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कालका मंदिर पान चौराहा, छावनी स्थित सब्जी मंडी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, गंगेश्वर महादेव मंदिर नदी चौराहा, कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शहर सहित आस-पास के शिव भक्त शामिल होंगे। सोमवार को सुबह रूद्राभिषेक पूजा के साथ शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से यात्रा आरंभ होगी। यह यात्रा आगामी 23 जुलाई को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी। यह यात्रा आगामी 18 जुलाई से भगवान गणेश मंदिर, जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ कोठरी, आष्टा, जावर, देवास से होते हुए उज्जैन पहुंच जाएगी। महाकाल मंदिर में ध्वजारोहण, सहस्त्रधारा महारूद्राभिषेक, महाआरती के साथ प्रसादी का वितरण होगा। पदयात्रा का आयोजन युवा समाजसेवी आशीष गेहलोत, करणी सेना के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य के द्वारा की जाएगी। सात दिवसीय पदयात्रा का उद्देश्य जनकल्याण की भावना, क्षेत्र में समृद्धि, खुशहाली रहे और अच्छी बारिश के अलावा नवीन फसल की अच्छी कामना को लेकर की जा रही है। श्री गेहलोत ने बताया कि जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर और प्रसिद्ध गणेश मंदिर देश के श्रद्धालुओं में प्रसिद्ध है, इसलिए इन मंदिरों से पदयात्रा का श्रीगणेश किया जा रहा है। सुबह विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक के साथ यात्रा करीब 160 किलोमीटर पदयात्रा करेगी।

## मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा के रसोइयों का रोजगार छीनने की साजिश

# प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ कलेक्ट्रेट पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रस्तावित मैकेनाइज्ड केन्द्रीयकृत किचन कार्य प्रणाली स्वरोजगार हनन योजना है। स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हुई पोषण आहार व मध्याह्न भोजन बनाने वाली हजारों महिलाओं के रोजगार को छीनने की साजिश रची जा रही है। मैकेनाइज्ड केन्द्रीयकृत किचन प्रणाली के विरोध में मंगलवार को प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ ससे जुडी हुई महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची और मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर स्वाती मिश्रा को ज्ञापन दिया और मैकेनाइज्ड केन्द्रीयकृत किचन योजना को पूर्ण रूप से स्थागित करने की मांग केंद्र व राज्य सरकार से की।



प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह योजना वतज़्मान में पोषण आहार एवं मध्यान्ह भोजन योजना में कार्यरत स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों के रोजगार पर सीधा प्रभाव डालती है। स्वरोजगार का हनन स्थानीय स्व-सहायता समूहों की हजारों महिलाएं पोषण आहार व मध्यान्ह भोजन के कार्य से जुड़ी हुई हैं। केन्द्रीयकृत रसोई व्यवस्था इन बहनों का रोजगार छीनने का कार्य कर रही है। गुणवत्ता एवं पोषण पर प्रभाव स्थानीय बहनों द्वारा ताजे, स्वदेशी खाद्यान्न से बनाया गया भोजन बच्चों को घर जैसा पोषण देता है, जबकि मशीन से बने भोजन की गुणवत्ता व ताजगी पर प्रश्नचिन्ह है। स्थानीय आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भर भारत की भावना के भी यह योजना विरुद्ध है। इस योजना से भ्रष्टाचार की आशंका रहेगी और केन्द्रीयकृत व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी होगी और ठेकेदारी प्रथा और बिचौलियों के हस्तक्षेप की संभावनाएं बढेंगी।

ज्ञापन देने वालों में रानी गोस्वामी,सुशीला बाई,राजकुंवर बाई,प्रेम बाई,ओम वटी,सुनीता बाई,भगवती बाई,रीनाबाई,सीमा बाई,श्यामा बाई,मुन्नी बी,कुंवर बाई सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में संचालित महिला स्व सहायता समूह और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा की रसोइया महिलाएं शामिल रहीं।

### लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन में मिलेगा अतिरिक्त राशि का उपहार

**सीहोर।** बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण के लिये राज्य सरकार संकल्पित है। महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा जिले के मनगवां में महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कही।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री देवराज कुमार आ० श्री हरिसिंह आयु 29 वर्ष निवासी ग्राम रतनपुर तूमड़ी तहसील इछावर जिला-सीहोर (म०प्र०) का नाम पहचानपत्र (परिचयपत्र) पेन कार्ड आधार कार्ड तथा अन्य शैक्षणिक दस्तावेजो में देवराज कुमार पिता हरिसिंह अंकित है, जो कि सही है किन्तु मेरे पक्षकर देवराज कुमार का ड्रायविंग लायसेंस परिवहन विभाग सीहोर में बना है जिसका कमांक - MP3720170107947 है उक्त लायसेंस मे त्रुटिवश उनका नाम देवराज मालवीय पिता हरिसिंह मालवीय अंकित हो गया है जिसके सुधार हेतू मेरे पक्षकार के द्वारा परिवहन विभाग सीहोर में लायसेंस में सही नाम के सुधार हेतू आवश्यक कार्यवाही की गई है, तथा शपथपत्र भी पेश किया गया है । मेरे पक्षकार का नाम देवराज कुमार है देवराज मालवीय नही है इसलिये उन्हें देवराज कुमार तथा उनके पिता को नाम हरिसिंह से, जाना जावे, व अंग्रेजी में DEVRAJ KUMAR SO HARI SINGH के नाम से जाहिर सूचना के अनुरूप ही जाना जावें । मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त वर्णित जानकारी अपने दस्तावेजो के आधार पर दी गई है जो कि सत्य है ।

भवदीय, अमित कुमार गुप्ता, अधिवक्ता, भवानीकुंज कॉलोनी स्टेट बैंक के सामने इछावर तह. इछावर जिला-सीहोर

### भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# सामूहिक अवकाश लेकर मुख्यालय पहुंचा जिले की आंगनबाड़ियों का अमला





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले की विभिन्न आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ियों में कार्यरत सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सालों से अपनी जायज मांगों को लेकर शासन, प्रशासन से गुहार लगा चुकी हैं। कई बार सौंपे गए ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन आदि के बाद भी जब कोई निष्कर्ष निकला तो शनिवार को जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं सामूहिक अवकाश लेकर मुख्यालय पर एकत्रित हुईं।

यहां सभी ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर पहले जमकर नारेबाजी की। इसके उपरान्त प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अनिल शर्मा को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। ज्ञापन में भी उन्होंने शासन से आगृह किया है कि चयनित बिन्दुओं के मांगपत्र पर विनम्रतापूर्वक विचार कर मांगों को पूरा किया जाए।

#### प्रमुखता से रखी नियमितीकरण की मांग

उक्त ज्ञापन में नियमितीकरण की मांग को प्रमुखता से रखा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि महिला बाल विकास विभाग के अधीन कार्यकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लिए एक नीति बनाकर सभी राज्यों में नियमित करते हुए उनका वर्ग निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही सभी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं हेतु एक न्यूनतम पेंशन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए ताकि वे सेवानिवृत्ति उपरान्त किसी के ऊपर आश्रित न रहें और बुढ़ापा अच्छी से कट सके। जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 10 वर्ष का अनुभव रखती है और पर्यवेक्षक के लिए सभी अहर्ताएं पूर्ण करती हैं उनको आयुसीमा का बंधन हटाते हुए पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति दी जाए।

#### अन्य विभागों के काम में न सौंपे जाएं

शासन के विभिन्न विभागों से जुड़े हुए कार्य अक्सर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के भरोसे छोड़कर उन्हें जिम्मेदारी उठाने के आदेश जारी कर दिए जाते हैं। ज्ञापन में मांग रखी गई कि कार्यकर्ता और सहायिकाओं के विभागीय कार्यों के अतिरिक्त किसी भी अन्य विभाग के कार्य में उनकी ड्यूटी न लगाई जाए। अन्य कार्यों में संलग्न रहने से हमारी विभागीय सेवाएं प्रभावित होती हैं। विशेषकर बीएलओ का कार्य उन्हें न दिया जाए।

#### यह भी रखी मांगें

उक्त मांगों के अलावा सभी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को किसी अन्य विभाग की नियुक्ति परीक्षा में अतिरिक्त अंक दिए जाने का प्रावधान करने, विगत 18 सालों से एक ही प्रकार का टीएचआर प्रदान किया जा रहा है उसमें बदलाव करने, पोषण टेकर एप में फेस केप्चर के माध्यम से जो टीएचआर वितरण कराया जा रहा है, उसमें माता-पिता और बच्चे परेशान होते हैं। साथ ही नेटवर्क की समस्या भी रहती है। ऐसे में इसमें सुधार करवाया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि अमले को शासन से दिए गए मोबाईलों की मेमोरी अच्छी नहीं है न ही बेलेंस डलवाने के लिए अलग से राशि दी जाती है। ऐसे में अच्छा मोबाइल दिलवाते हुए नेटपैक डलवाने की व्यवस्था भी विभाग की तरफ से करवाई जाए।

# बाइपास निर्माण: सत्ताधारियों ने मौन साधा तो विपक्ष आया सामने

### पूर्व विधायक तंवर के नेतृत्व में जिलाधीश से मिले इंकाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ शहरी क्षेत्र की सीमा के बीच से गुजर रहे बाइपास के कारण नित नए हादसे हो रहे हैं। बीते एक महीने के दौरान ही बाइपास क्षेत्र में पांच दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें 2 लोग काल के गाल में समा चुके हैं। इन दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने नवीन बाइपास का निर्माण अत्यावश्यक हो गया है।

ऐसे में जब सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों ने कोई आवाज नहीं उठाई तो शनिवार को पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से मिलकर नवीन बाइपास निर्माण कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए फाईलें आगे बढ़वाने की मांग रखी। इसके साथ ही कलेक्टर को एक पत्र भी सौंपा गया। पत्र में उल्लेख किया कि राजगढ़ शहर के बीच से निकला एनएच-52 हाईवे अब मौत का मार्ग बन चुका है। आकस्मिक दुर्घटनाओं में अनेकों लोगों की जान जा चुकी हैं वहीं कई लोग विकलांग हो चुके हैं। अगर स्वीकृत बाईपास के निर्माण को प्राथमिकता में लेते हुए फाईलों को आगे बढ़वाया जाए तो निर्माण जल्द चालू हो जाएगा।

#### केंद्र से मिल चुकीहै स्वीकृति

पूर्व विधायक तंवर ने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बाइपास निर्माण के लिए दिल्ली जाकर राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के मुख्य सचिव से व्यक्तिगत भेंट कर बाईपास स्वीकृत करवाया था। इस संबंध में तीन रूट प्रस्तावित होकर सितंबर 2024 में बैठक भी हो चुकी है कि किस रूट को फाइनल किया जाए। ऐसे में कलेक्टर से मांग की गई है कि वे पीडल्यूडी एनएच के अधिकारियों से संपर्क कर बाईपास निर्माण की फाईलों को आगे बढ़वाए ताकि टैंडर आदि प्रक्रिया उपरांत निर्माण चालू हो सके।

### एक ओर छात्रों के अभाव में स्कूल बंद, दूसरी ओर अतिथि शिक्षक चला रहे शासकीय स्कूल

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे जिसमें, सीएम राइज जिसका नाम परिवर्तन कर सांदीपनि विद्यालय के नाम किया गया। ऐसे अनेक परिकल्प शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित हो रहे हैं। इनमें बालक बालिका छात्रावास के साथ स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष नए भवन आदि के निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए। वहीं दूसरी और सारंगपुर विकास खंड में कई स्कूल ऐसे हैं जिनमें शासकीय शिक्षक का अभाव है। तो कई स्कूल ऐसे हैं जो छात्रों की कमी के चलते बंद हो गए। उन स्कूलों के शिक्षक अपनी पदस्थापना को लेकर अचंभित हैं कि स्कूल बंद हो गए तो अब हम कहा पर अपनी सेवा देंगे। हमारे संवाददाता ने ऐसे कुछ स्कूलों की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ली तो पता चला कि शिक्षक नहीं हैं। अतिथि शिक्षक स्कूल चला रहे वहीं दूसरी और स्कूल हैं किंतु छात्र छात्राएं नहीं हैं। इन सब बातों की हकीकत जानने के लिए ब्लाक शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी से संपर्क किया तो विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश वीरमाल ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय रामपुरिया एवं कौड़ियांखेड़ी में छात्र छात्राएं नहीं होने के कारण स्कूल बंद करना पड़ा वह के शिक्षकों की अन्य स्कूल में शीघ्र पदस्थापना की जायेगी, वहीं दूसरी और माध्यमिक विद्यालय भुमका, सिमरोल, पठारी में शासकीय शिक्षक की पद पूर्ति नहीं होने से अतिथि शिक्षक स्कूल संचालित कर रहे हैं। ऐसे में एक कमरे में स्कूल चल रहा है जिनमें हाजीपुर,भीकनपुर, जबरदी के विद्यालय आज भी अपने भवन का इंतजार कर रहे हैं।

**क्रेन चालक को आई मामूली चोटें**

# ढलान पर ब्रेक फेल होने से बीच हाईवे पर पलटी क्रेन



**राजगढ़।** बीते करीब एक पखवाड़े से शहर अमूमन रोजाना हादसे हो रहे हैं। शनिवार दोपहर संकट मोचन बड़ली क्षेत्र से आ रही एक क्रेन ढलान पर ब्रेक फेल होने के चलते हाईवे पर आकर पलटी मार गई। गनीमत से दुर्घटना में क्रेन चालक को मामूली चोट आई हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में निर्माणाधीन रामगंजमंडी-भोपाल रेलवे लाईन के कार्य में लगी एक क्रेन संकट मोचन बड़ली तरफ से राजगढ़ तरफ आ रही थी। इस दौरान ढलान वाली सड़क पर अचानक क्रेन का ब्रेक फेल हो गया। ऐसे में क्रेन अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे एक बाईक सवार को बचाने के चक्कर में क्रेन के ड्राइवर महेंद्र सिंह निवासी ग्राम सतनखेड़ी ने स्टेयरिंग तेज तोड़ दिया। बाईक चालक तो बच गया लेकिन क्रेन हाईवे पर आकर पलटी मार गई। हालांकि, दुर्घटना में क्रेन के चालक महेंद्र को मामूली चोंटें आई हैं। घटना के कुछ समय बाद मौके पर पहुंची पुलिस व अन्य ने एक दूसरी क्रेन बुलवाते हुए हाईवे के बीच पड़ी दुर्घटनाग्रस्त क्रेन को साइड में करवाया।

### कर संवर्धन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# विदिशा में केंद्रीय जीएसटी शाखा कार्यालय खोला जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क डिवीजन भोपाल द्वारा विदिशा में कर संवर्धन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य करदाताओं, कर सलाहकारों और विभाग के बीच समन्वय बढ़ाना तथा पारदर्शी एवं सुगम कर प्रणाली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विदिशा रेंज के सुपरिंटेंडेंट लक्ष्मण चौरसिया ने मुख्य वक्ता के रूप में जीएसटी विभाग की इस पहल के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विदिशा-रायसेन टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की ओर से एक ज्ञापन भी सौंपा गया। एसोसिएशन के सचिव वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास जैन ने कहा कि विदिशा और रायसेन जिलों के व्यापारियों एवं कर सलाहकारों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार भोपाल जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि भोपाल की दूरी के कारण आवागमन में कठिनाई होती है और समय व संसाधनों की भी अनावश्यक बर्बादी होती है। ज्ञापन में नगर में केंद्रीय जीएसटी कार्यालय की एक शाखा खोलने की मांग की गई। ताकि स्थानीय व्यापारियों और कर सलाहकारों को सुविधा मिल सके। यह ज्ञापन चीफ कमिश्नर, कस्टम्स, जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क मप्र छत्तीसगढ़, भोपाल के नाम विदिशा रेंज के अधिकारी सुपरिंटेंडेंट लक्ष्मण चौरसिया को सौंपा गया।

इस दौरान सौंपने के दौरान टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण और चक्रेश जैन, संजय सांवला, संदीप शाह, अर्पित शर्मा, राजेश शर्मा, शरद सिंघवी, देवेंद्र परिहार, नितिन सोनी, दीपक कुमार और प्रद्युम्न श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# किशनगढ़ बालाजी महाराज की स्थापना वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के किशनगढ़ मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गरूढ़ासीन भगवान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने विराजित किशनगढ़ बालाजी मंदिर पर हनुमानजी कि स्थापना वर्षगांठ समारोह का दो दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ। श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ पर दिनांक 13 जुलाई 1991को बालाजी मंदिर का जीर्णोद्धार कर बालाजी महाराज कि स्थापना की गई थी जब से अनवरत प्रतिवर्ष 13 जुलाई को बालाजी कि स्थापना वर्षगांठ मनाई जा रही है। जिसमें एक दिन पुर्व विधि-विधान से पूजा अर्चना करके रामायण-पारायण का श्री गणेश हुआ है द्वितीय दिवस को हवन यज्ञ का आयोजन हुआ । जहां पर आचार्य पं. स्वप्निल व्यास , उपाचार्य अजय शर्मा ,पं. दयाशंकर शर्मा, पं. परोलिया , पं. सतीश तिवारी सहित अन्य विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण करके हवन में आहुतियां दिलवाई तथा समिति के समस्त सदस्यों ने शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन में पुण्य लाभ अर्जित किया। हनुमान मंदिर किशनगढ़ पर विगतछह दशक से श्री बजरंग नवयुवक समिति के संयोजक सेवानिवृत्त शिक्षक पं. श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक आयोजन का सिलसिला अनवरत चल रहा है। जिसमें समिति के अनेकों सदस्य द्वारा सुंदरकांड पाठ जोकि नगर के धार्मिक श्रद्धालु भक्तों सहित विभिन्न आसपास एवं दुरस्त स्थित धार्मिक स्थलों पर किया जाता है, तथा प्रति मंगलवार को मंदिर पर समिति सदस्यों के द्वारा पाठ किया जाता है। यह समस्त आयोजन पं श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य एवं निर्देशक में अनुशासन का पुरा ध्यान रखते हुए होते आ रहे हैं।

# संत नामदेव की पूजा कर नामदेव दर्जी समाज ने मनाया गुरुपूर्णिमा महोत्सव

**नरसिंहगढ़।** नगर में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर नामदेव दर्जी समाज ने गुरुपूजन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन जगदीश पटेल निवास पर किया। इस अवसर पर समाजजनों ने संत शिरोमणि संत नामदेव महाराज की प्रतिमा का पूजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं भजन कीर्तन से हुई, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुरुपूजन उपरांत संत नामदेव के जीवन चरित्र पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि संत नामदेव जी ने भक्ति आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने कीर्तन व वाणी से समाज में समरसता, भक्ति और सेवा की भावना का संचार किया। समारोह में नगर के समाजबंधु उपस्थित हुए। कार्यक्रम के पश्चात प्रसादी वितरित की गई। समाज के वरिष्ठजनों द्वारा युवाओं को समाज सेवा, शिक्षा और एकता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शिवप्रसाद वैध, जगदीश पटेल, महेश टेलर, मुकेश नामदेव, श्याम नामदेव, अनिल नामदेव, दिनेश नामदेव सहित अन्य समाज बंधु शामिल हुए।



### थाना प्रभारी शिवचरण यादव सहित स्टाफ ने थाना परिसर में किया पौधरोपण



**खुजनेर।** थाना खुजनेर परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी शिवचरण यादव के निर्देशन में किया गया। पौधरोपण के इस पुनीत कार्य में थाना स्टाफ के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम अंतर्गत थाना परिसर में नीम, पीपल, आम, अशोक सहित अन्य प्रजातियों के पौधे रोपे गए। विशेष बात यह रही कि प्रत्येक स्टाफ सदस्य को कुछदृकुछ पौधे चिन्हित कर, उन्हें सुरक्षित रखने एवं बड़ा करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि रोपे गए पौधे सिर्फ प्रतीकात्मक न रहकर भविष्य में घने, हरे-भरे पेड़ों के रूप में फलें-फूलें। थाना प्रभारी शिव चरण यादव द्वारा सभी कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश भी दिया गया और इस तरह के प्रयासों को नियमित रूप से जारी रखने की बात कही गई थाना खुजनेर पुलिस का यह सराहनीय प्रयास निश्चित रूप से समाज में हरियाली, पर्यावरण चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूती प्रदान करेगा थाना प्रभारी शिव चरण यादव ने वृक्षारोपण किया और कहा कि पेड़ ही जीवन है। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, इसलिए हम सभी को वृक्षारोपण का संकल्प लेना चाहिए। थाना प्रभारी यादव ने यह भी कहा कि वृक्षारोपण एक महत्वपूर्ण कार्य है जो पर्यावरण को बचाने और हमारे जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने-अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें।

### पुलिस ने ढाई करोड़ के वाहन जब्त कर की बड़ी कार्रवाई

# 19 कार सहित 9 ट्रैक्टर किए जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़





विलासितापूर्ण जीवन शैली से प्रभावित कर प्रदेश के विभिन्न जिलों में वाहन किराए पर लगाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का नरसिंहगढ़ पुलिस ने खुलासा किया है। स्थानीय थाने पर पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी ने प्रेस कांफ्रेंस कर पर्दाफाश किया व गिरोह के कब्जे से 19 कारे व 9 ट्रेक्टर सहित 28 वाहन लगभग 2.5 करोड़ रुपए की अनुमानित कीमत का मशरूका जप्त कर सरगना सहित 2 आरोपी गिरफ्तार होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4 जून 2025 को फरियादी कपिल पिता ओमप्रकाश जायसवाल निवासी सूरजपोल नरसिंहगढ़ मित्र चेतन गुर्जर निवासी रामकुंड के साथ थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि शैलेन्द्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम सिंदोड़ा थाना नजीराबाद जिला भोपाल द्वारा मेरी कार व मेरे दोस्त चेतन गुर्जर की बालेनो कार किसी कंपनी में किराए से लगाने के नाम पर ली थी न उसने पैसा दिया और न ही हमारी कार वापस कर रहा है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार फरियादी विनोद कुशवाहा की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 404/2025 धारा 316(2), 318 (4) ठछै एवं फरियादी आशीष मेहरा की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 405/2025 धारा 316(2), 318(4) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिसमे अभी तक 28 वाहन 19 कारे, 9 ट्रैक्टर जप्त किए गए जप्त मशरूका की अनुमानित कीमत लगभग 2.5 करोड़ आकी गई। आरोपी को अपनी विलासितापूर्ण जीवनशैली दिखाकर झांसे में लेते थे कंपनी में वाहन लगाने व किराया मिलने का झूठा लालच देकर धोखाधड़ी करते थे। वाहनों को खुर्द-बुर्द कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने की मंशा से अपराध करते थे।

इस मामले में आरोपी शैलेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सिंदोड़ा थाना नजीराबाद जिला भोपाल,आदिल ताई निवासी नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया है वही अधीक्षक ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपेन्द्र सिंह भाटी, थाना प्रभारी शिवराज सिंह की तारीफ की व बधाई दी विवेचना के दौरान परत दर परत मामले का खुलासा हुआ कि शैलेन्द्र सिंह राजपूत अपने साथियों के साथ मिल कर सिंडिकेट चला रहा है इसके द्वारा प्रदेश के कई जिलों में इस प्रकार का जाल फैलाया है शैलेन्द्र सिंह द्वारा अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल के प्रभाव में लेकर लोगों से वाहनों को किराए से किसी कंपनी लगाकर प्रत्येक माह मोटी रकम किराया देने का वादा करके वाहन मालिकों से वाहन लेकर उन वाहनों को गिरवी रख आर्थिक लाभ कमाता था वाहन गिरवी रख गोल हो जाता था थाना नरसिंहगढ़ की पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास कर आरोपी शैलेन्द्र सिंह राजपूत और उसके साथी आदिल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की उक्त आरोपी संगठित होकर अपराध कर रहे थे उक्त अपराध में विधि अनुसार धारा इजाफा की जाएगी। उक्त गिरोह के कब्जे से थाना नरसिंहगढ़ के मामले के वाहन सहित पूछताछ में विभिन्न जिलों के इसी प्रकार की धोखाधड़ी और जालसाजी से प्राप्त किए 28 वाहन 19 कार, 9 ट्रेक्टर जप्त किए है। आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ जारी है और अन्य मामलों का खुलासा होने की सम्भावना है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अधीक्षक ने कहा कि प्रकरण में पूछताछ जारी है एवं अन्य जिलों में भी नेटवर्क की जानकारी एकत्रित की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश व संलिप्त वाहनों की पहचान के लिए विवेचना प्रगति पर है व जांच की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## जमीन विवाद में हत्या के प्रयास के आरोपी गिरफ्तार



**आष्टा।** 13 जुलाई को आष्टा थाना अंतर्गत ग्राम भंवरा में जमीन विवाद को लेकर मुकेश पिता नंदराम परमार उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम भंवरा थाना आष्टा पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल अवस्था में पीड़ित को उपचार हेतु भोपाल किशनानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना आष्टा में अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना आष्टा पुलिस द्वारा तत्काल मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व अनुविभागीय अधिकारी आकाश अमलकर के निर्देशन में गठित विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी बंटी मालवीय पिता कैलाश मालवीय निवासी भंवरा, रमेश मालवीय पिता रामप्रसाद मालवीय निवासी भंवरा, कैलाश मालवीय पिता रामप्रसाद मालवीय निवासी ग्राम भंवरा के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया गया है।

### जनसुनवाई छोड़कर बाहर नहीं आए कलेक्टर तो धरने पर बैठे किसान

# फसल नष्ट होने से दुखी किसान बोले, खेतों में ही दबकर नष्ट हो गया सोयाबीन का बीज

किसानों ने की प्रशासन से की शीघ्र सर्वे कराने और बीमा क्लेम सहित मुआवजा देने की मांग। किसानों ने कहा बैंक खातों से कटता है फसल बीमा, लेकिन कभी भी समय पर नहीं मिलती राहत राशि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मंगलवार को ट्रेक्टर ट्रालियों में सवार होकर कलेक्टर को परेशानियों से अवगत कराने और शीघ्र बीमाधन के साथ मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने डिप्टी कलेक्टर स्तर तक के अधिकारी से मिलने से इंकार करते हुए कलेक्टर को ही बाहर आने के लिए कहा लेकिन जनसुनवाई में व्यक्त कलेक्टर बालागुरू के, बाहर नहीं आए जिस के बाद दुखी आक्रोशित कई किसान कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे।

ग्राम लसुडलिया विजय सिंह सहित अन्य गांवों के किसानों ने कहा कि अतिव्रष्टि और घटिया सोयाबीन बीज के कारण इस वर्ष सैकड़ों एकड़ में बोई गई सोयाबीन की फसल खेतों में ही दबकर नष्ट हो गई है। हजारों रूपये की लागत से बोई गई फसल खराब होने से चिंता बनी हुई है। आष्टा तहसील के अनेक गांवों के किसान इस स्थिति के कारण दुखी है। किसानों ने कहा कि हमारे बैंक खातों से प्रति साल फसल बीमा के नाम पर राशि काटी जाती है। अब सोयाबीन की फसल उगने से पहले ही नष्ट हो गई है तो हमें बीमाधन और मुआवजा प्रशासन को दिलाना चाहिए। परेशान किसानों के द्वारा आष्टा तहसीलदार को भी समस्या से अवगत करारया गया है लेकिन अबतक सर्वे शुरू नहीं किया गया है इसी बात को हमें कलेक्टर को मिलकर बताना चाहते थे लेकिन वह बाहर नहीं निकले और हमारी बात को नहीं सुना तो नारेबाजी कर धरना देने के लिए विवश हुए। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर ने पांच किसानों को बुलाकर क्षेत्र के आर आई पटवारी को भेजकर शीघ्र सर्वे कराने और पर्याप्त मुआवजा बीमा दिलाने का आश्वासन दिया। किसान राजेंद्र सिंह, राजकुमार ठाकुर, धीरज सिंह, लखन सिंह, मांगीलाल, रतन सिंह, जसरथ सिंह, मनोहर सिंह, कमल सिंह, सवाई सिंह, फूल सिंह, जसबंत सिंह, शुभम सिंह, रविद्र सिंह, भारत सिंह, श्रवण ठाकुर, नारायण सिंह, संतोष सिंह, लक्ष्मीनारायण, विरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में किसानों प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# गांव तक जाने के लिए नहीं है सड़क, कंधों पर लाना पड़ रहे मरीज और शव

**बारिश में गांव तक नहीं जाती एंबुलेंस**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रदेश सरकार के विकास के दावों की पोल खोलती यह तस्वीर आष्टा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सामरी बोंदा के गांव महुआखेड़ा की है यहां पर रविवार को जगदीश बंजारा की 14 वर्षीय बालिका मधू कृषि कार्य करते समय खेत पर खुदे हुए कुएं पर पानी भरने गई थी इस दौरान मधु का पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गिरी। जब तक परिजन कुछ समझ पाते वह पानी में डूब चुकी थी। काफी मशक्कत के बाद करीब 4 घंटे में शव को बाहर निकाला जा सका इसके बादशव को पोस्टमार्टम के लिए आष्टा अस्पताल लाया गया पोस्टमार्टम के बाद शव को निजी वाहन से ले जाया गया।

लेकिन गांव तक जाने के लिए पक्की सड़क नहीं होने के कारण शव को निमावरा रोड पर ही उतारना पड़ा इसके बाद ग्रामीण शव को चारपाई पर पटक कर गांव तक ले गए इस दौरान ग्रामीण को कहीं प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा इस मामले मेंमहुआ खेड़ा निवासी श्याम लाल प्रभु लाल गिरधारी ऊंकार सिंह जगदीश सोबाल सिंह राजेंद्र सिंह धूल सिंह दिनेश हरिप्रसाद तूफान सिंह जितेंद्र सिंह राहुल सिंह आदि ग्रामीण में बताया कि हम ग्राम वासी नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है अभी तक हमारे गांव तक आने के लिए किसी प्रकार की सड़क नहीं बनी है इसके चलते हम ग्रामवासी काफी परेशान है हम ग्राम वासियों द्वारा कई बार मांग की गई लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है इस गांव में करीब 25 से 30 बच्चे जो 4 महीने बारिश के मौसम में स्कूल नहीं जा पाते हैं इसके चलते उन बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जब चुनाव आते हैं तो सभी लोग वोट मांगने के लिए हमारे गांव तक आ जाते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई भी नेता हमारे गांव की तरफ नहीं देखता है। हमारे द्वारा विधायक को भी कई बार अवगत कराया गया। लेकिन उनके द्वारा भी कोई सुनवाई नहीं की गई है। इस मामले में ग्राम पंचायत सामरी बोंदा के सरपंच राकेश सिंह सिसोदिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरी ग्राम पंचायत में ऐसे ही तीन गांव है। जिनमें जाने के लिए कोई सड़क नहीं है। बारिश के दिनों में ग्रामीण इसी तरह गांव तक आना जाना करते हैं। कई बार बीमार व्यक्ति को भी चारपाई पर पटक कर लाना पड़ता है तथा डिलीवरी के समय महिलाओं को भी चारपाई पर ही पाटक कर लाना पड़ता है। इसके चलते कई मौत हो चुकी है। मेरे द्वारा विधायक गोपाल इंजीनियर को प्रस्ताव दिए गए हैं और उन्होंने आश्वासन भी दिया है रोड बनाने के लिए।

## देवबड़ला पर दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालु



**जावर।** मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवबड़ला पहुंच रहे है। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने बताया कि प्रथम सावन सोमवार के अवसर पर भक्तों ने बाबा विल्वैश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। देवबड़ला स्मारक इंतजार कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि देवाधिदेव महादेव भूत भावन भगवान शंकर की आराधना का पर्व साधना आस्था श्रद्धा विश्वास का पवित्र श्रावण मास मे क्षेत्र की माता बहने व भक्ति जन अपने गांव से कावड़ कलश में जलने पर बाबा महादेव को चढ़ाने पैदल आते हैं।

## पिता का सपना बेटे ने किया सच, भोलेनाथ शंकर मेरा गाना हुआ लॉंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शिक्षक शंकर लाल बड़ोलिया के बेटे अतीश बड़ोलिया ने मुंबई में रहकर अपनी कला से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। हाल ही में उनका नया भक्ति गीत भोलेनाथ शंकर मेरा यूट्यूब पर लॉन्च हुआ, गाने को लोग बहुत संपद कर रहे हैं। इंदौर-भोपाल हाईवे स्थित आष्टा ऑडी चौपाटी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां समाज के वरिष्ठजनों और स्थानीय लोगों ने अतीश बड़ोंलिया का अभिनंदन किया। अतीश ने कहा, मेरी सफलता के पीछे मेरे माता-पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन है। जो कुछ भी हूं, उन्हीं की देन है। कार्यक्रम के अंत में पिता शंकरलाल बड़ोलिया ने सभी अतिथियों का आभार जताया। यह गीत न सिर्फ एक प्रतिभा की उड़ान है, बल्कि खड़ी हाट गांव के लिए गर्व का क्षण भी। बधाई देने पहुंचे कैलाश बगाना वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश मंत्री, उमराव सिंह पोरवाल लाइनमैन, सांवत सिंह असताया, हेमराज सिंह मुगली, जीवन सिंह धनवाल, रामेश्वर दामड़िया, कुंदन बामनिया, जीतेन्द्र गोयल, जीतेन्द्र खेलवाल सरपंच, मेहरबान सिंह, दरियाव सिंह ठेकेदार, तुलसीराम प्रजापति, घनश्याम बामनिया वरिष्ठ समाजसेवी, राजेन्द्र सिंह वर्मा, कैलाश चंद्र अजनेरिया, रफीक अहमद मंसूरी, खुमान सिंह बड़ोदिया, डॉ देवेन्द्र बगाना, डॉ लखन बड़ोदिया, जीवन सिंह ठेकेदार, धूल सिंह जाटव, मेहरबान सिंह शेखूखेडा, ज्ञान सिंह अस्ताया, अनोखी लाल बगाना, प्रेम सिंह धनवाल फोजी, जयराम बडोलिया खड़ी, हरलाल खेलवाल, प्रहलाद सिंह खेलवाल, मेहरबान सिंह बडोलिया, राज बडोलिया जीतेन्द्र रैकवाल, प्रेम सिंह खेलवाल मौजूद रहे।

